खबर संक्षेप

### प्रिया के डिप्टी कलेक्टर पद में चयन पर अग्रवाल महासभा में हर्ष




**सतना।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों ने सतना जिले की बेटी प्रिया अग्रवाल का डिप्टी कलेक्टर पद में चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है। विदित हो कि बिरसिंहपुर निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित विजय अग्रवाल की बेटी सुश्री प्रिया अग्रवाल का एमपीएससी परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयन हुआ है,जिसमें उनकी पूरे प्रदेश में छठवीं रैंक एवं महिलाओं में प्रथम रैंक है। वर्तमान में प्रिया अग्रवाल रीवा में श्रम अधिकारी के रूप में पदस्थ है।

### राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर आजीवन कारावास के 32 कैदी होंगे रिहा

**सतना।** मध्यप्रदेश में 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 32 कैदी को समय पूर्व रिहाई मिलेगी,इनमें 9 आदिवासी बंदी और केन्द्रीय जेल सतना से रिहा होने वाले 3 दण्डित बंदी शामिल हैं। मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग मंत्रालय ने जारी करते हुए धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश में लिए गए निर्णय से अब प्रतिवर्ष 15 नवम्बर राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर आजीवन कारावास के बंदियों को शासन द्वारा समय-पूर्व रिहा किये जाने की शुरूआत हुई। इस निर्णय के साथ ही मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना। जहां वर्ष में 5 बार आजीवन कारावास के दण्डित बंदियों को दिशा-निर्देशों में पात्रता अनुसार सजा से छूट प्रदान कर समय-पूर्व रिहाई दी जाएगी।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनसभा का आयोजन

**सतना।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष में 15 नवम्बर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा। जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक,आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक गतिविधि कैलेण्डर अनुसार रथ,पदयात्रा के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। गुरूवार को ग्राम पंचायत मझगवां के आदिवासी ग्राम गहिरा के गढ़ीघाट में भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के उपलक्ष्य में जनसुनवाई विशेष जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों की समग्र आईडी, आधारकार्ड,पेंशन के फॉर्म,आयुष्मान कार्ड आदि के आवेदन पत्र प्राप्त किये गये। इस अवसर पर पर सरंपच श्रीमती संपतिया आरख, पंचगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक एवं बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता के लिए बाइक रैली आज

**सतना।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 9 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक मनाया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि अभियान अन्तर्गत विधिक जागरूकता के लिए बाईक रैली का आयोजन 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर से किया जायेगा। यह रैली सिविल लाइन वाया सर्किट हाउस चौराहा होते हुए सेमरिया चौक पहुंचकर वापस उसी रास्ते से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में समाप्त होगी।

बरुआ नदी के पास कार पुल से नीचे गिरी; पुलिस जांच में जुटी

## अकाल मौत का तांडवः होनहार डॉ.शशांक सेठिया का सड़क हादसे में निधन

सतना।

एक अत्यंत दुःखद और स्तब्ध कर देने वाली खबर में,एक होनहार और युवा चिकित्सक, डॉ.शशांक सेठिया,की सड़क हादसे में असामयिक मृत्यु हो गई है। डॉ.सेठिया पिछले एक वर्ष से उचेहरा के सरकारी अस्पताल में पदस्थ थे और अपनी सेवाएं दे रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,यह भीषण हादसा उचेहरा थाना अंतर्गत बरुआ नदी के पास हुआ। दोपहर करीब 12बजे जब डॉ.सेठिया चाय पीकर अपनी कार से सतना की ओर जा रहे थे,तभी सामने से आ रहे एक वाहन को साइड देते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार सवार डॉ.शशांक सेठिया गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने उन्हें तुरंत एंबुलेंस से शासकीय चिकित्सालय मैहर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद,उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल सतना में





डॉक्टरों द्वारा जांच किए जाने के बाद,युवा डॉ.शशांक सेठिया को मृत घोषित कर दिया गया। इस दुखद खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक चिकित्सक की मां जिला अस्पताल सतना पहुंचीं। थाना प्रभारी सतीश मिश्रा के



अनुसार,परिजनों द्वारा मृत डॉक्टर के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी थी। उचेहरा थाना प्रभारी द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। एक होनहार डॉक्टर की इस तरह असमय विदाई ने पूरे स्वास्थ्य महकमे को हिलाकर रख दिया है।



## खुले नाले में गिरे बैल का नगर पालिका कर्मियों ने किया सफल रेस्क्यू

**मेहर।** वार्ड नंबर 3 में बड़ा अखाड़ा के सामने खुले नाले में गिरे बैल को निकालने के लिए मैहर नगर पालिका के कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुँचकर सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस साहसिक कार्य से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। स्थानीय पशु प्रेमियों ने भी मौके पर पहुंचकर सहयोग किया तथा नगर पालिका प्रशासन से इस नाले को शीघ्र ढंकवाने की अपील की। नागरिकों ने बताया कि खुले नालों के कारण आए दिन मवेशी घायल हो रहे हैं,जिससे क्षेत्र में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। स्थानीय जनता ने नगर पालिका सीएमओ से मांग की है कि खुले नालों पर तुरंत ढकवाने का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों। जिस जगह नाला खुला हुआ है उस जगह सैकड़ों की तादाद में बड़ा अखाड़े में दर्शन करने दर्शनाथी भी पहुंचते हैं।

## प्रेमिका से झगड़ा होने पर युवक हाई टेंशन टावर पर चढ़ा, हड़कंप







मैहर।

मैहर में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया,जब एक युवक हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोगों की सांसे अटक गईं और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार,टावर पर चढ़े युवक की पहचान सुलखमा गांव निवासी प्रदीप कोल के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक का अपनी प्रेमिका के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद से नाराज होकर प्रदीप कोल ने यह खतरनाक कदम उठाया और सीधे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस के अधिकारी और जवान टावर के नीचे जमा हो गए और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिसकर्मी लगातार लाउडस्पीकर के जरिए प्रदीप कोल से बात करने की कोशिश कर रहे हैं और उसे नीचे उतरने के लिए समझा-बुझा रहे हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर बिजली विभाग को सूचित कर दिया है,ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। टावर पर चढ़ा युवक-काफ़ी जद्दोजहद के बाद मां के आवाज देने और देहात थाना प्रभारी रेनू मिश्रा की समझाईश के बाद माना युवक,टावर से उत्तरा।

## न्यायोत्सव कार्यक्रम में दी गई विधिक सेवाओं की जानकारी



**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जज पार्थ शंकर मिश्र ने गुरूवार को जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत लालपुर में सामाजिक अंकेक्षण की ग्रामसभा के न्यायोत्सव अंतर्गत कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणजनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण शासन की सराहनीय पहल है। इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी एम जीलानी,जिला समन्वयक बद्री प्रसाद,जिला पंचायत,ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव,ग्रामीण रोजगार सहायक तथा बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ज्ञान बिहार विद्यापीठ में बाल मेला कार्यक्रम आयोजित

### विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किया शुभारंभ

मैहर

मैहर स्थित ज्ञान बिहार विद्यापीठ में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित वार्षिक बाल मेला एवं स्पोर्ट्स,एक्टिविटी कार्यक्रम का शुभारंभ मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुकिंग स्टॉल,साइंस मॉडल,सोशल साइंस,कंप्यूटर,एग्ज़ीबिशन,ड्राइंग,आर्ट एवं क्राफ्ट,मेंहदी, रंगोली तथा फ्लावर डेकोरेशन जैसे विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़,चढ़कर हिस्सा लिया।

शुभारंभ के बाद विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बच्चों से संवाद किया और उनके उत्साह की सराहना की।विद्यालय प्रबंधन द्वारा विधायक का श्रीफल व पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के संस्थापक



मनोज रजक के द्वारा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को श्रीफल एवं माता शारदा की तस्वीर भेंट की गई जिसका कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत किया। यह सम्मान कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा जिसने माहौल को और भी आत्मीय व उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर विश्वनाथ चौरसिया,विद्यालय प्राचार्य सहित अनेक स्थानीय वरिष्ठजन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के प्रदर्शन व विद्यालय की पहल की सभी ने प्रशंसा की।

जिलाप्रशासन और आबकारी विभाग की मिलीभगत से जगह-जगह बिकती है अवैध शराब

## धार्मिक नगरी मैहर में अवैध शराब का बोलबाला

मैहर

एक ओर मध्यप्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों में शराबबंदी लागू कर राज्य को संस्कार और संस्कृति की ओर अग्रसर करने की बात कर रही है,वहीं दूसरी ओर सतना जिले की धार्मिक नगरी मैहर में शराब कंपनी के मैनेजर द्वारा अवैध शराब की खुलेआम बिक्री कर सरकार के आदेशों की खुली अवहेलना कर रही है। बताया जा रहा है इस कंपनी का ठेका घुनवारा के लिए है लेकिन शराब की दुकान गोरइयाकला ग्राम में हाइवे के समीप खुली हुई है जो नियमविरूद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 1 अप्रैल 2025 से प्रदेश के 19 प्रमुख धार्मिक स्थलों में शराबबंदी लागू करने की घोषणा की गई थी,जिनमें से मैहर भी एक प्रमुख स्थल है। आदेश के तहत शहरी क्षेत्रों में शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई थी। इसके बावजूद,मैहर शहर और उसके ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री जारी है।

### अवैध बिक्री के प्रमुख केंद्र

सूत्रों के अनुसार,स्टेशन रोड, सतना रोड,उत्तर दरवाजा, जीतनगर, चौरसिया मोहल्ला, बीडी कॉलोनी पटेहरा,अंधरा टोला, अरकंडी सहित मैहर ब्रिज पुल के नीचे जैसे क्षेत्रों में भारी मात्रा में अवैध शराब बेची जा रही है। यह सब कुछ प्रशासन और आबकारी विभाग की आंखों के सामने हो रहा है,जिससे साफ संकेत मिलते हैं कि शराब कंपनी के मैनेजर की अधिकारियों से गहरी घुसपैठ है।

### आबकारी विभाग की भूमिका पर सवाल

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना प्रशासन और आबकारी विभाग की मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर शराब की अवैध बिक्री संभव ही नहीं है। आबकारी नियमों के अनुसार,प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति एक बूंद शराब भी नहीं बेची जा सकती,लेकिन मैहर में तो पूरा नेटवर्क चल रहा है।यह भी चर्चा का विषय है कि जैसे ही कोई अन्य व्यापारी या व्यक्ति शराब की बिक्री करता है,आबकारी विभाग तुरंत कार्रवाई में उतर आता है। लेकिन कंपनी के मैनेजर के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं विभागीय संरक्षण इस अवैध कारोबार को मिल रहा है।

### प्रशासन मौन,जन आक्रोश तेज

मैहर जैसी धार्मिक नगरी,जहां लाखों श्रद्धालु शारदा माता के दर्शन के लिए आते हैं,वहां शराब की यह खुलेआम बिक्री न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंचा रही है,बल्कि सरकार की नीतियों को भी मुंह चिढ़ा रही है। इसके चलते आम जनता में भारी आक्रोश है और लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी और कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े ने विद्यार्थियों को अधिक जानकारी ग्रहण करने दी सलाह

## एकेएस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने सीमेंट एक्सपो 2025 में प्राप्त की उद्योग की नवीनतम जानकारी

सतना।

एकेएस यूनिवर्सिटी,के बी.टेक सीमेंट टेक्नोलॉजी,सत्र 2026 के 13विद्यार्थियों ने दिल्ली में 12 और 13 नवम्बर 2025 को आयोजित सीमेंट एक्सपो 2025 में भाग लिया। इस दो दिवसीय आयोजन में देशभर से अनेक सीमेंट संयंत्र,उपकरण आपूर्तिकर्ता कंपनियाँ और सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्थाएँ शामिल हुईं। विद्यार्थियों ने एक्सपो में सीमेंट उद्योग की नवीनतम तकनीकों,आधुनिक उपकरणों और रोजगार के विविध अवसरों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर हेड, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट बालेंद्र विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को



मार्गदर्शन देते हुए बताया कि रोजगार केवल सीमेंट संयंत्रों तक सीमित नहीं है,बल्कि उद्योग से जुड़ी सहयोगी कंपनियों जैसे उपकरण निर्माता,सेवा प्रदाता,कंसल्टेंसी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएँ हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और प्रेरक मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को उद्योग की व्यापक संभावनाओं से परिचित कराया और उन्हें अपने करियर के लिए नई दिशा दी। सीमेंट टेक्नोलॉजी विभाग के डायरेक्टर प्रो.जी.सी.मिश्रा और डीन इंजी.डॉक्टर जी.के.प्रधान ने कहा कि एक्सपो भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं और उन्हें वास्तविक उद्योग जगत से जोड़ते हैं। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के मनोज सिंह विद्यार्थियों के साथ थे,जबकि प्रफुल्ल गौतम और मोनू त्रिपाठी ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी और कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े ने विद्यार्थियों को एक्सपो में अधिक से अधिक जानकारी ग्रहण करने की सलाह देते हुए कहा कि सीखे गए ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में उतारना सफलता की कुंजी है। बालेंद्र विश्वकर्मा के प्रेरक नेतृत्व में यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा,बल्कि उनके भविष्य के करियर के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास का स्त्रोत भी बना।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का जायजा लेने पिथौराबाद पहुंचे कलेक्टर



पद्मश्री बाबूलाल दाहिया का भरवाया गणना पत्रक

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। कार्य के आकस्मिक निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस,उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह गुरुवार को नागौद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 के उचेहरा विकासखंड के ग्राम पिथौराबाद पहुंचे। नागौद विधानसभा क्षेत्र के तहसील उचेहरा के पिथौराबाद मतदान केंद्र क्रमांक-174 की मतदाता सूची में दर्ज पद्मश्री बाबूलाल दाहिया के घर पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस ने अपने समक्ष मतदाता पद्मश्री बाबूलाल दाहिया से गणना पत्रक भरवाया और बीएलओ के माध्यम से ऑन लाइन डिजिटाइज्ड भी कराया। इस मौके पर ईआरओ सुमेश द्विवेदी, एईआरओ ज्योति पटेल,बीएलओ लल्लू प्रसाद कोल भी उपस्थित रहे।

# पन्ना की शक्ति दुबे को मिली बागेश्वर धाम की पदयात्रा में प्रतिदिन राष्ट्रगान की जिम्मेदारी



**पन्ना।** बागेश्वर धाम सरकार अपनी सनातनी यात्रा का शुभारंभ प्रतिदिन राष्ट्रगान और ध्वजारोहण से करते हैं राष्ट्रगान की जिम्मेदारी पन्ना जिले की भजन गायिका शक्ति दुबे को दी गई है वह प्रतिदिन मंच से राष्ट्रगान करती हैं यानी हिंदू सनातन एकता यात्रा का शुभारंभ पन्ना जिले की बेटी शक्ति दुबे के राष्ट्रीय भजन यानी राष्ट्रगीत से शुरू होती है पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमारी यात्रा राष्ट्र के निर्माण और व्यक्तित्व विकास के लिए समर्पित है हम प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं हम देश में एकता का संकल्प भी लेते हैं उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मेरी हिंदू सनातन एकता यात्रा के प्रथम दिवस से आज तक निरंतर भजन गायिका शक्ति दुबे राष्ट्रगान गाती है मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं इस सनातन एकता यात्रा में पन्ना जिले से शामिल हुए सभी श्रद्धालु प्रसन्न है शक्ति दुबे की तारीफ कर रहे हैं क्योंकि पन्ना का प्रतिनिधित्व भी इस सनातन यात्रा में शक्ति दुबे के माध्यम से हो रहा है।

# छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

**गुनौर।** पवई थाना अंतर्गत गुनौर तहसील के मुड़वारी ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कला संकाय की कक्षा 11वीं की छात्रा लक्ष्मी लोधी पिता राम अवतार लोधी उम्र 16 वर्ष सुबह करीब 11 बजे के लगभग अपने सुने घर में फांसी के फंदे पर झूल गई। घटना के समय मृतिका के मां बाप खेत गए हुए थे। और इकलौता छोटा भाई स्कूल गया था, साथ ही मृतिका आज स्कूल नहीं गई थी, खेत से वापस लौट कर घर आए परिजनों ने जब दोपहर के वक्त घर आकर देखा तो उनके होश उड़ गए और चीख पुकार मच गई। आनन फानन ग्राम वासियों की मदद से सूचना पवई पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है, फिलहाल छात्र ने घटना को किस वजह से अंजाम दिया कारण अभी अज्ञात है।

## जमीनी विवाद को लेकर एक किसान के साथ दूसरे के साथ की मारपीट मामला दर्ज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम ककहाई में आज किसानी कार्य जमीनी विवाद को लेकर एक किसान ने दूसरे किसान के साथ लाठी डंडों के साथ मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना के विषय में फरियादी किसान बिहारी पिता भद्दा चौधरी उम्र 50 वर्ष निवासी ककरहाई ने पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर बताया कि यह अपने खेत में काम कर रहा था और गांव का ही आरोपी किसान रामकेश चौधरी ने आकर बुरी बुरी गालियां दी गालियां देने से मना करने पर उसने लाठी डंडे से मारपीट कर फरियादी किसान को घायल कर दिया फरियादी किसान की रिपोर्ट पर आरोपी किसान के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। किसानी काम इन दिनों तेजी पर चारो ओर देखा जा रहा है अब इस तरह की घटनाएं भी गत वर्षों की भांति तेजी से बढ़ेगी और लगातार मामले सामने आएंगे।

## खबर संक्षेप

### ईश्वर दयाल पटेल बने सिविल न्यायधीश



**पवई।** बीते दिवस मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रवेश स्तर की परीक्षा-2022 का अंतिम परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें ईश्वर दयाल पटेल का चयन हुआ है। बता दें कि ईश्वर दयाल पटेल जनपद पंचायत पवई में एसडीओ रहे हरिश्चंद पटेल के भतीजे हैं। अंतिम चयन सूची जारी होते ही परिवार सहित पूरे पवई नगर में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। वे मूलतः वीरपुरा जिला छतरपुर के निवासी हैं और ईश्वर दयाल पटेल के पिता एक कृषक हैं और उनके चचेरे भाईयों में राजेश पटेल विकासखंड स्रोत समन्वयक पवई जनपद शिक्षा केंद्र और राघवेंद्र पटेल उज्जैन सिविल जज हैं।

### श्रीमद्भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** स्कूलों में बच्चों को श्रीमद्भगवद् गीता का संदेश समझाने के लिए ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भगवद् गीता ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गीता महोत्सव डॉट कॉम वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 15 नवम्बर तक जमा कराए जा सकते हैं। यह प्रतियोगिता 16 से 25 नवम्बर तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य गीता के उपदेशों से आत्मबोध और राष्ट्रबोध की दिशा में आगे बढ़ना है। ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को एक लाख रूपए की राशि, द्वितीय विजेता को 51 हजार रुपए तथा तीसरे नंबर पर आने वाले तीन विजेताओं को 31-31 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही श्रेष्ठ विजेता को 15 लैपटॉप, 30 ई-बाइक भी प्रदान की जाएंगी। प्रतियोगिता में 11 से 25 वर्ष के प्रतिभागी विद्यार्थियों को 2 वर्ष के लिए शिक्षावृत्ति भी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में कारावास बंदी भी शामिल हो सकेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह एक दिसम्बर 2025 को उज्जैन में होगा।

### जनजातीय गौरव दिवस पर स्कूलों में होंगे आयोजन

**पन्ना।** प्रदेश के स्कूलों में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे। केन्द्र सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन देश की आजादी में संघर्ष करने वाले जनजातीय वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके योगदान के लिए स्मरण किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। देश में भगवान बिरसा मुंडा की इस वर्ष 150वीं जयंती मनाई जा रही है।

### युवक के साथ मारपीट मामला दर्ज जांच जारी

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र गुन्नौर सड़क मार्ग पर बीती रात लगभग 8:00 गैस एजेंसी के पास तीन युवकों द्वारा एक बाईक चालक के साथ मारपीट कर देनी घटना प्रकाश में आई है घटना के विषय में फरियादी प्रदीप पटेल पिता भूपत पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी पटेलपुरा पुलिस थाना अमानगंज आकर रिपोर्ट किया है अमानगंज से अपने घर की ओर जा रहा था मुख्य सड़क मार्ग रोड पर एक छोटी सी बछिया बाईक के सामने आ गई और हल्की सी चौटल हो गई इस बात को लेकर आरोपी अन्नू पाठक, दो अन्य साथियों के साथ इसकी रास्ता रोककर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे फरयादी के अनुसार उसने कहा कि इसे जो चोट आई है वह इसकी दवा करा देगा लेकिन आरोपी नहीं माने और उन्होंने एक जुट होकर फरियादी के साथ मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया फरयादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धारा में अपराध दर्ज किया मामले को जांच में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।




# जिले की उच्च शिक्षा की बदहाल स्थिति पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन अजयगढ़, रैपुरा और सलेहा में नए कॉलेज खोलने की मांग

**अजयगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जिले में उच्च शिक्षा की बदहाल स्थिति को लेकर पन्ना नगर के पीएम श्री छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने कहा है कि जिले के कई विकासखंड आज भी उच्च शिक्षा से वंचित हैं, जिसके चलते छात्रों को या तो अन्य जिलों में जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है या फिर मजबूरन अपनी शिक्षा अधूरी छोड़नी पड़ती है। छैन्प जिलाध्यक्ष आकाश जाटव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा जिले में शिक्षा विस्तार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। अजयगढ़ में स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैपुरा एवं सलेहा में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना, तथा शाहनगर में विज्ञान संकाय की कक्षाएं प्रारंभ करने की प्रमुख मांग की गई है। इसके अलावा छैन्प ने पन्ना स्नातकोत्तर महाविद्यालय की व्यवस्था सुधारने की मांग की है विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति समय पर प्रदान की जाए, छात्राओं की सुरक्षा हेतु कॉलेज में सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की जाए, कॉलेज में शुद्ध पेयजल के लिए



आरओ सिस्टम लगाया जाए। आकाश जाटव ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो छैन्प विद्यार्थियों के हित में चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि सरकार यदि शिक्षा को लेकर गंभीर है तो उसे पन्ना जैसे पिछड़े जिले में उच्च शिक्षा का मजबूत ढांचा तैयार करना होगा, ताकि ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। ज्ञापन के दौरान छैन्प के कार्यकर्ता अनुज श्रीवास, कुलदीप गर्ग, सचिन वर्मा, रामनारायण सिंह यादव, प्रेमनारायण सिंह यादव, रामबाबू, वेदांत मिश्रा,जितेंद्र गुर्जर सीमा अहिरवार, पिंकी सेन, स्वाती, सहित कॉलेज के सैकड़ो छात्र शामिल रहे।

# जिपं सीईओ ने अधिकारियों के साथ किया स्थल का निरीक्षण

## धरम सागर तालाब परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

**पन्ना।** पन्ना नगर के धरमसागर तालाब परिसर में आगामी दिवसों में वृहद रूप में सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है। विभिन्न कार्यों के समय पर क्रियान्वयन के उद्देश्य से एवं समयबद्ध कार्ययोजना के मुताबिक आवश्यक कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिला कलेक्टर के निर्देश पर गुरूवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले एवं सीएमओ उमाशंकर मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों के साथ विकास कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को समय सीमा में वांछित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमणकारी परिवार के सदस्यों से चर्चा कर नियत समय सीमा में निर्धारित सीमा से अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी। इसके अलावा कुछ परिवारों को पूर्ण रूप से सतना बैरियर, काष्ठागार के निकट स्थित भूमि पर विस्थापन के संबंध में निर्देशित किया गया। इस दौरान विकास कार्य दायरे की चिन्हांकित सीमा को सुरक्षित करने के लिए फैंसिंग कार्य कराने पर भी चर्चा हुई। साथ ही पक्की सड़क के दोनों किनारों पर पेबर्स लगाने, चिन्हित स्थानों पर स्टोन पिचिंग कार्य सहित पार्क और गार्डन के विकास के लिए बाधारहित कार्य कराने पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर विभिन्न कार्यों के स्थल का निरीक्षण किया और नवीन एस्टीमेट सहित आर्किटेक्चर से आवश्यक प्लान तैयार कराने तथा नवीन प्रोजेक्ट के तहत नए सिरे से विकास कार्य की रूपरेखा पर भी विचार विमर्श किया। जिला





पंचायत सीईओ ने कहा कि धरमसागर तालाब के सौंदर्यीकरण से नगरवासियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। साथ ही प्राचीन तालाब और परिसर के नवीन स्वरूप से पन्ना नगर की अलग पहचान भी स्थापित होगी। निरीक्षण के दौरान वन विभाग की भूमि से भी अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में जरूरी समन्वय के लिए अधिकारियों से जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए गए। नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को तालाब घाट परिसर की नियमित रूप से बेहतर साफ-सफाई तथा संयुक्त टीम के गठन के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही सीएमओ को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि नगर के प्राचीन धरमसागर तालाब के बेहतर स्वरूप में कायाकल्प से यह स्थान पुरा धरोहर के संरक्षण के साथ टूरिस्ट और पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित होगा। आगामी दिनों में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का लोकार्पण किया जाना भी प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे।

# भूकंप आपदा पर हुई मॉकड्रिल, प्राकृतिक प्रकोप में जीवन रक्षा के बताए उपाए



**पन्ना।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11वीं वाहिनी की टीम द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में भूकंप आपदा विषय पर जिला प्रशासन के सहयोग से मॉक अभ्यास किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों को भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक प्रकोप की स्थिति में जीवन रक्षा के उपाय और तरीको के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन की बारीकियों के बारे में भी जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित एनडीआरएफ कमाण्डेंट कार्यालय के दल द्वारा मॉक अभ्यास क्रियान्वित किया गया। आगामी दिवस में आपदा संभावित क्षेत्रों में समुदाय को भी जागरूक किया जाएगा। टीम द्वारा विभिन्न हितधारकों को भूकंप जोखिम शमन सहित विषय से संबंधित अन्य प्रशिक्षण भी दिया गया। अभ्यास के दौरान आंशिक रूप से भवन के गिर जाने का काल्पनिक दृश्य रखा गया, जिसमें दबे होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति कलेक्ट्रेट बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए, जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल और चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रिस्पॉस चेक करना व सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना था। इसके पहले कलेक्टर कार्यालय के सभागार में टेबल टॉक मीटिंग के माध्यम से एनडीआरएफ के कार्य व राहत एवं बचाव कार्य की कार्ययोजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस प्रथम चरण में मॉक ड्रिल की रूपरेखा तैयार की गई, जबकि द्वितीय चरण में मॉक अभ्यास किया गया। अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं जिला सेनानी होमगार्ड शालीवाहन पांडे, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए सम्मान और समृद्धि का प्रतीक बनी भावान्तर योजना- मुख्यमंत्री





**मुख्यमंत्री ने 1.33 लाख से अधिक किसानों के खातों में 233 करोड़ रुपए भावांतर राशि अंतरित की**

## भावांतर योजना में पंजीकृत किसान 15 जनवरी तक मंडियों में विक्रय कर सकेंगे सोयाबीन

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर भुगतान, अन्नदाता के उत्थान का पर्याय है। अन्नदाता को दी गई एमएसपी की गारंटी की पूर्ति करते हुए सोयाबीन भावांतर योजना में 1 लाख 33 हजार किसानों के खाते में 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमने जो कहा उसे कर दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मध्यप्रदेश किसानों को उपज का उचित लाभ दिलवाने के लिए भावान्तर योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। पिछले साल सोयाबीन का भाव 4800 रुपए था, इस बार किसानों को 500 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ देकर 5300 रुपए से अधिक कीमत पर सोयाबीन खरीदा जा रहा है। भावान्तर योजना के लिए प्रदेश में 9 लाख से अधिक किसानों ने सोयाबीन बेचने के लिए पंजीयन किया। आज 1.33 लाख किसानों के खाते में राशि भेजी गई है। हमारी सरकार ने योजना की शुरुआत करने के 15 दिन में ही किसानों से किया वादा पूरा किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को देवास से प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावान्तर योजना के अंतर्गत राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि आधारित उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना पंजीकृत किसान 15 जनवरी तक अपनी सोयाबीन मंडियों में बेच सकेंगे। पूरे प्रदेश में 220 से अधिक मुख्य मंडियों और 80 उप मंडियों में खरीदी की जा रही है। रेट पारदर्शी तरीके से तय हो रहे हैं, सारी प्रक्रिया ई-मंडी पोर्टल पर है, किसान का डाटा अपने आप दिख रहा है, पैसा सीधे ऑनलाइन खाते में पहुंचने की व्यवस्था की गई है और हर कदम पर रियल टाइम एंट्री और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए भावांतर कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है। भावांतर योजना लागू होने से फसल बेचने में किसानों को होने वाली कई परेशानियां दूर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक दिसंबर को गीता जयंती भी पूरी भव्यता के साथ मनाई जाएगी। प्रदेश के नगरों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। साथ ही प्रत्येक विकासखंड में वृंदावन ग्राम बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए धरती पुत्र किसान और सीमा पर जवान, दोनों समान सम्मान का भाव रखते हैं। धरती पुत्र किसानों से देश की विशेष पहचान बनी है। किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार खेती के साथ-साथ गौपालन को भी प्रोत्साहित कर रही है। किसान प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए पंजीयन कराएं और 4 हजार रुपए प्रति एकड़ अनुदान का लाभ उठाएं। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है। योजना में अगर कोई किसान 40 लाख रूपए लागत का डेयरी व्यवसाय शुरू करता है तो राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए नरवाई की समस्या खत्म करने की दिशा में कदम उठाते हुए प्रदेश में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शुभारंभ किया गया है।

### कृषि उपज मंडी पन्ना में भी हुआ कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खरीफ वर्ष 2025 सोयाबीन के लिए भावांतर भुगतान की राशि वितरण का कार्यक्रम कृषि उपज मंडी समिति पन्ना में भी आयोजित किया गया। मंडी परिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी सहित मंडी सचिव एवं समस्त कर्मचारीगण तथा कृषक संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी, तुलावटी, हम्माल और कृषक उपस्थित रहे। गुरूवार को पन्ना जिले के 11 किसानों को भी भावांतर राशि का भुगतान प्राप्त हुआ।

## बालगृह पन्ना का किया निरीक्षण, कोई भी बच्चा निवासरत नहीं मिला

**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत गुरूवार को जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन द्वारा बालगृह पन्ना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वर्तमान में कोई भी बालक यहां निवासरत नहीं मिला। बालगृह की प्रबंधक देवकी कुशवाहा ने बताया कि एक मात्र निवासरत बालक गत 8 नवम्बर को बालगृह से जा चुका है। निरीक्षण के दौरान यहां ठहरने वाले बच्चों के कक्ष, भोजन व्यवस्था, बेड एवं मनोरंजन के साधन तथा साफ-सफाई सहित बालगृह में निवासरत बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। साथ ही कार्यरत स्टॉफ व रात्रिकालीन चौकीदार की जानकारी भी प्राप्त की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा प्रबंधक को बालगृह में रखे जा सकने वाले जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल कल्याण समिति के सहयोग से ऐसे बालकों को प्रवेश दिलवाकर निरंतर इसकी उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया।



## लापरवाही पर बीएलओ रामदास कुशवाहा निलंबित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमानगंज के प्रतिवेदन पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ एवं शासकीय प्राथमिक शाला कुंवरपुरा के प्राथमिक शिक्षक रामदास कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है। म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के तहत निलंबन पश्चात बीएलओ का मुख्यालय संकुल प्राचार्य कार्यालय शासकीय उ.मा. विद्यालय नरदहा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मतदान केन्द्र क्रमांक 59/10 के बीएलओ रामदास कुशवाहा को गत 4 नवम्बर से मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण से संबंधित 476 फॉर्म दिए गए थे, लेकिन बीएलओ द्वारा मात्र 81 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण कर मात्र 17 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बीएलओ द्वारा अशिष्ट व्यवहार भी किया जा रहा था। यह कृत्य शासकीय लोकसेवक के आचरण के प्रतिकूल होने के साथ निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने की श्रेणी में भी शामिल है।

## खबर संक्षेप



### हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

छतरपुर। 2 दिन पूर्व चौकी घुवारा, थाना भगवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुटोरा में जमीनी हिस्सा बाट को लेकर हमला कर परिवार के सदस्यों द्वारा चुन्नू अहिरवार उसके लड़के सुरेंद्र पर हमला किया गया था, सूचना पर डायल 112 टीम घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंची। चिकित्सक द्वारा चुन्नू अहिरवार की मृत्यु की पुष्टि की गई। मेडिकल रिपोर्ट, परिजनों की रिपोर्ट, साक्षियों के कथनों के आधार पर थाना भगवा में भारतीय न्याय संहिता की हत्या सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों जशरथ पिता नन्नेभईया उर्फ ननभोरा अहिरवार निवासी ग्राम कुटोरा थाना भगवां, पार्वती बाई पत्नि जशरथ अहिरवार निवासी ग्राम कुटोरा थाना भगवां व गोविन्द दास पिता धनुआ अहिरवार निवासी रामटोरिया थाना बमनौरा को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद की गई। अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक कृपाल मार्को, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार, सहायक उप निरीक्षक रूप राम पटेरिया, प्रधान आरक्षक केरल प्रसाद, आरक्षक सुनील, पुष्पेंद्र सिंह, हरि सिंह, दग्गी राजा, महेंद्र साहू, राजेश महिला आरक्षक सूर्या एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### पब्लिक नोटरी प्रमोद खरे की पत्नी का निधन



छतरपुर। पब्लिक नोटरी प्रमोद खरे की पत्नी का गुरुवार को ग्वालियर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं और सर्किट हाउस के पीछे रहती थीं। वे अपने पीछे पति के अलावा दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती खरे की अंत्येष्टि आज सुबह सागर रोड स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे होगी। मंगलवार को श्रीमती माया खरे का ग्वालियर में उपचार के दौरान दुखद निधन हो गया। शहर के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जाती है।

### योजना में 6329 किसान हुए पंजीकृत, 24 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2025 तक बेचीं गई फसल का हुआ भुगतान

# जिले के 617 किसानों के खातों में 1 करोड़ 55 लाख से अधिक की राशि पहुंची

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवास से सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की



छतरपुर। गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्यस्तरीय कार्यक्रम देवास से भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन कृषकों के खातों में फसल विक्रय की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से भुगतान किया है। जिसमें छतरपुर जिले के 617 किसानों के खातों में 1 करोड़ 55 लाख 78 हजार 485 रुपए की राशि पहुंची। योजना में 6329 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिन कृषकों ने 24 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2025 तक सोयाबीन फसल बेची है उनका भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आतिथ्य में देवास से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन छतरपुर कृषि उपज मंडी में विधायक ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे की उपस्थिति में कृषकों को दिखाया एवं सुनाया गया। साथ ही जिले के ब्लॉक स्तर पर मंडियों में भी लाइव टेलीकास्ट दिखाया और सुनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, मंडी सचिव ब्रजभूषण निगम सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे।

विधायक श्रीमती यादव ने कहा कि जिले के 618 किसानों को भावान्तर में लाभ मिला है। किसान हितैषी सरकार, किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि भावान्तर योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, सोयाबीन किसानों द्वारा 4 नवंबर तक सायाबीन का विक्रय किया गया है उनको डायरेक्ट बेनिफिट के तहत 1 करोड़ 55 लाख 78 हजार 485 रुपए की राशि अंतरित की गई। किसानों को नुकसान ना हो बिक्री का समय अभी एक महीने और चलेगा। सोयाबीन को निकटतम मंडी में लाएं। मुख्यमंत्री द्वारा देवास जिले से प्रदेशभर के 1.33 लाख किसानों के खाते में 233 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया।

#### विकासखंड के किसानों को मिला भावान्तर का भुगतान

विकासखंड छतरपुर के 118 किसानों को 32,81,085 रुपए, बड़ामलहरा के 245 किसानों को 45,43,231, राजनगर के 59 किसानों को 9,46,253, नौगांव के 31 किसानों को 759068 रूपए, बिजावर के 31 किसानों को 5901206 रूपए, 155 किसानों को 5901206 रूपए, लवकुशनगर अंतर्गत 9 किसानों को 147642 रूपए की राशि इस प्रकार कुल 618 किसानों को 1 करोड़ 55 लाख 78 हजार 485 रुपए की राशि अंतरित की गई।

## घर में रिवाल्वर लेकर घुसने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



छतरपुर। विगत रात्रि थाना किशनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैतपुर में फरियादी राजेश पटेल के घर में आरोपी द्वारा चोरी करने के आशय से रात्रि में घुसने, आहट मिलने पर रिवाल्वर दिखाकर धमका कर भाग जाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना किशनगढ़ में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गोरेलाल पटेल पिता बद्री पटेल निवासी ग्राम जैतपुरा थाना किशनगढ़ को विधिवत गिरफ्तार किया, अभियुक्त के पास से अवैध रिवाल्वर बरामद की गई। अभियुक्त मारपीट एवं जुआ जैसे 5 अपराधों में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी किशनगढ़ उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, सहायक उप निरीक्षक जगदीश शिवहरे, सहायक उप निरीक्षक सुरेश नामदेव, प्रधान आरक्षक हरनारायण विश्वकर्मा, आरक्षक रनमत सिंह यादव, अंकित पुरोहित, हरि प्रकाश गर्ग की भूमिका रही।

## ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध गुटका फैक्ट्री पर छापा



### भारी मात्रा में रॉ मटेरियल जब्त, गोदाम सील के कार्यवाही जारी

छतरपुर। जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध रूप से संचालित पहेली गुटका फैक्ट्री पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार वैष्णवी ट्रेडर्स नाम से संचालित एक गोदाम में पहेली गुटका का रॉ मटेरियल तैयार किया जा रहा था। देर रात ओरछा थाना पुलिस, राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मार कार्रवाई की। छापे के दौरान गोदाम से भारी मात्रा में पान मसाला, तंबाकू, सुपारी और गुटका निर्माण में इस्तेमाल होने वाला रॉ मटेरियल बरामद किया गया। कार्रवाई के बाद गोदाम को सील कर दिया गया है और संबंधित दस्तावेजों की जांच जारी है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में भी इसी स्थान पर छापा मारा गया था, जहां से अवैध गुटका निर्माण की मशीनें और खाद्य सामग्री पकड़ी गई थी। कार्रवाई के बाद कुछ समय के लिए यह धंधा बंद हुआ था, लेकिन अब दोबारा गुपचुप तरीके से रॉ मटेरियल तैयार कर सप्लाई की जा रही थी। बताया जा रहा है कि यहां तैयार किया गया मटेरियल मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के कई जिलों में भेजा जा रहा था, जहां गुटका की पैकिंग और बिक्री का काम किया जाता था। प्रशासन ने इस अवैध कारोबार को लेकर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं और इस पूरे नेटवर्क से जुड़े लोगों की संपूर्ण जांच की जा रही है।



## बिजावर रेंज संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने सीसीएफ को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। बिजावर वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और वन्यजीव संरक्षण नियमों के उल्लंघन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने गुरुवार शाम 4 बजे मुख्य वन संरक्षक अधिकारी (सीसीएफ) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि शिवपुरी से बाहरी मजदूरों को लाकर बिजावर वन परीक्षेत्र के देवरा सर्कल बीट में नदी किनारे बसाया गया है, जहां शेरों की सक्रियता पाई जाती है। यह कदम वन्यजीवों और स्थानीय आदिवासी समुदाय दोनों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है।

भटनागर ने कहा कि स्थानीय लोगों को अनदेखा कर बाहरी श्रमिकों को ठहराना पलायन को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि देवरा सर्कल में पेड़ों की छलाई और चक्र लगाने का कार्य किस आदेश के तहत किया जा रहा है, क्योंकि इससे पेड़ों के सूखने की समस्या बढ़ रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि रात के समय गिरोली और कूपी जंगल क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन हो रहा है, जिसमें ट्रक वन विभाग की बैरियर से निकलते हैं।

उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट करने की मांग की है कि इन बाहरी मजदूरों को ठहराने और अवैध रेत परिवहन की अनुमति किस अधिकारी ने दी। साथ ही चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## लूटपाट एवं चोट पहुंचाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

### सीएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा



**छतरपुर। 2 नवंबर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत गठेवरा हार से फरियादी सुखलाल पाल निवासी ग्राम सिमरिया की बकरियां लूट करने व हमला कर चोट पहुंचाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लूट के आरोपियों को दबोचकर गुरूवार को पुलिस कांफ्रेंस हाल में खुलासा किया है।**

सीएसपी अरूण कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए, संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटाई गई। आरोपियों का पता लगाकर विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई जिसमें थाना सिविल लाइन पुलिस ने उक्त लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी लालू साई मुसलमान पिता जुम्मन साई निवासी बीलवई चुग्गी, बीजानगर महोबा, रवि साई पिता कल्लू साई निवासी बीलवई चुग्गी, बीजानगर महोबा एवं लक्ष्मी कुशवाहा पिता श्यामलाल कुशवाहा निवासी विशाल नगर कबरई जिला महोबा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा थाना किशनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत बकरी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, थाना किशनगढ़ अंतर्गत जंगल से 57 नग बकरी बरामद की गई, थाना सिविल लाइन लूट डकैती एवं थाना किशनगढ़ अंतर्गत चोरी सहित कुल 67 नग बकरी मवेशी एवं प्रयुक्त पिकअप वाहन कीमत करीब 10 लाख रुपए बरामद किया गया। उक्त घटना में सम्मिलित अन्य 4 आरोपियों की तलाश की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी किशनगढ़ उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, साइबर प्रभारी नेहा गुर्जर, उपनिरीक्षक शैलेंद्र चौरसिया, प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, वीरेंद्र, काजी, आरक्षक अमन, धीरेंद्र राजावत, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, प्रशांत यादव, भूपेंद्र यादव, साइबर से विजय की भूमिका रही।

## ईशानगर थाने में तहसीलदार, थाना प्रभारी ने सुनी शिकायतें



ईशानगर। थाने में बुधवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार आकाश नीरज और थाना प्रभारी मनोज गोयल ने स्थानीय लोगों की शिकायतें सुनी और उनके निस्तारण का प्रयास किया। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में तहसीलदार और थाना प्रभारी के साथ संधित विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उदेश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पुलिस -प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना हैं। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित सर्वाधिक मामले सामने आए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को इन मामलों में समयबद्ध कार्रवाई करने निदेश दिए। थाना प्रभारी थाना प्रभारी मनोज ने बताया कि थाना दिवस पर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व या अन्य विभागों से जुड़े मामलों को समन्वय के माध्यम से जल्द सुलझाया जाएगा। नायब तहसीलदार आकाश नीरज ने भी दोहराया की प्रत्येक नागरिक को न्याय और समाधान उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## कलेक्टर ने चौबारा की राधा कृष्णा गौशाला का किया औचक निरीक्षण



### पशुओं की देखभाल, टैगिंग, सीसीटीवी, चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

छतरपुर। नौगांव भ्रमण के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को जनपद पंचायत नौगांव अंतर्गत ग्राम चौबारा स्थित राधा कृष्णा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम जी.एस. पटेल, तहसीलदार राकेश कौल, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह गौशाला जयशंकर स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है, जिसकी क्षमता 112 पशुओं की है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैसवाल ने समूह की महिलाओं से गौशाला में पशुओं की संख्या, टैगिंग, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा पशुओं के चारे की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पशुओं को गौशाला परिसर में ही रखा जाए, किसी भी पशु को बाहर न छोड़ा जाए और सभी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। कलेक्टर ने समूह को गौ कास्ट मशीन (जिससे गोबर से लकड़ी एवं ईंट का निर्माण किया जाता है) उपलब्ध कराने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। साथ ही वर्मीकंपोस्ट खाद निर्माण और गौमूत्र विक्रय की गतिविधियों की जानकारी भी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्हें शासन से निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्री जैसवाल ने गौशाला की भूमि पर सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि तैयार सब्जियों को मध्याहन भोजन योजना हेतु विद्यालयों को उपलब्ध कराया जाए, जिससे समूह की आय भी बढ़े और स्कूलों को ताज़ी सब्जियाँ मिल सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 5 हेक्टेयर चारागाह भूमि के सीमांकन के भी निर्देश एसडीएम नौगांव को दिए।

## सिविल जज परीक्षा पास करने वाले दीपेश अवस्थी का अधिवक्ताओं ने किया सम्मान



छतरपुर। सिविल जज परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले दीपेश अवस्थी का स्थानीय अधिवक्ताओं ने गुरूवार को न्यायालय परिसर में सम्मान किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया कि सिविल जज परीक्षा में साथी अधिवक्ता दीपेश अवस्थी का चयन होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। जैसे ही उनके चयन की जानकारी मिली, पूरे अधिवक्ता समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि दीपेश ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है। अधिवक्ताओं ने दीपेश को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल न्यायिक कार्यकाल की कामना की।

## एनसीएल में मुख्यालय स्तरीय संविदा श्रमिक वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 हुई संपन्न



सिंगरौली गुरुवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में मुख्यालय स्तरीय संविदा श्रमिक वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 संपन्न हुई। सिंगरौली स्टेडियम में आयोजित इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो,100 मीटर रिले इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक मानव संसाधन/ प्रशासन,संजय सिन्हा एवं मुख्यालय स्तरीय जेसीसी मेम्बर्स एवं स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे । प्रतियोगिता में कुल 94 खिलाड़ियों ने भाग लिया 69 पुरुष और 25 महिलाएँ शामिल रहीं।

मुख्यालय स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 में अपनी अपनी श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागी आगामी संविदा श्रमिक अन्तर क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में मुख्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एनएससी, जयंत में शनिवार को लगेगा कार्डियोलॉजी एवं आर्थोपेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य



सिंगरौली एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनसीएल) के तत्वाधन में आगामी शनिवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान सर्वोदय हॉस्पिटल, फ़रीदाबाद के चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित सभी का कार्डियोलॉजी एवम् आर्थोपेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि एनएससी, जयंत द्वारा सीएसआर के तहत समय-समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

### गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य औद्योगिक रेडियोग्राफिक इंटरप्रिटेशन में दक्षता

## एनटीपीसी विंध्याचल में वर्ल्ड क्वालिटी मंथ के तहत रेडियोग्राफी इंटरप्रिटेशन लेवल-II



सिंगरौली। वर्ल्ड क्वालिटी मंथ के उपलक्ष्य में आरएलआई विंध्याचल द्वारा रेडियोग्राफी इंटरप्रिटेशन लेवल-II प्रमाणन पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन 10 नवम्बर 2025 को किया गया। एक सप्ताह तक चले इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य औद्योगिक रेडियोग्राफिक इंटरप्रिटेशन में दक्षता को सुदृढ़ करना था। इस पाठ्यक्रम में स्टेशन के कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रेडियोग्राफी रिपोर्टिंग में सटीकता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु सैद्धांतिक ज्ञान, व्यावहारिक मूल्यांकन तकनीकें तथा दोष विश्लेषण कौशल की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने सभी प्रतिभागियों को समर्पण और निष्ठा के साथ प्रमाणन पूरा करने के लिए बधाई दी। उन्होंने रेडियोग्राफिक निरीक्षण तकनीकों के माध्यम से परिचालन सुरक्षा और विश्वसनीयता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नव प्रमाणित प्रतिभागियों से एनटीपीसी के उच्च गुणवत्ता मानकों को उत्कृष्टता के साथ बनाए रखने का आग्रह किया।

इस पाठ्यक्रम को प्रशिक्षक श्री एम.के. पात्रा (TWI) द्वारा प्रभावी ढंग से संचालित किया गया, जिन्हें उनके व्यावहारिक अनुभव और उद्योग ज्ञान साझा करने के लिए विशेष रूप से सराहा गया। प्रतिभागियों ने आरएलआई विंध्याचल एवं एफक्यूए के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण उनके व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई), श्री भिसेट्टी रामकृष्ण, अपर महाप्रबंधक (एफक्यूए) एवं श्री राघवेन्द्र प्रसाद, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने एनटीपीसी की सतत अधिगम, गुणवत्ता संवर्धन एवं तकनीकी उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो संगठन के "टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी" के मूल स्तंभ हैं।

## कलेक्टर ने छतरपुर शहर में एसआईआर प्रक्रिया के तहत कार्यों का फील्ड निरीक्षण किया

### कलेक्टर ने बीएलओ से गणना पत्रक मौके पर भरवाकर देखे



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने गुरूवार को छतरपुर शहर के सटई रोड स्थित मतदान केन्द्र 198, 188 और 197 अंतर्गत वार्डों में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में गणना पत्रको के वितरण, बीएलओ द्वारा मतदाता सूची की मैपिंग एवं बीएलओ ऐप पर मार्किंग आदि कार्यों के संबंध में फील्ड निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र 197 अंतर्गत बीएलओ एसआईआर का कार्य करते फील्ड पर नहीं पाए गए जिनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची एवं 2025 की मतदाता सूची से मैपिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया। साथ ही बीएलओ से समक्ष में गणना पत्रकों की बीएलओ ऐप पर डिस्ट्रीब्यूशन मार्किंग कराई और उनके द्वारा की गई मैपिंग की प्रगति जानी। कलेक्टर ने बीएलओ को निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने कहा बीएलओ 4 दिसंबर 2025 तक निरंतर डोर टू डोर गणना पत्रकों के वितरण, भरने एवं जमा करने के कार्य को पूर्ण करें। साथ ही लापरवाही अक्षम्य होगी। साथ ही कलेक्टर ने एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा गणना पत्रक लेकर मतदाता के घर जाते हैं, तो जो 2025 की मतदाता सूची एवं 2003 की मतदाता सूची में है, उनको पत्रक में भरने एवं जो 2025 की सूची में है लेकिन 2003 की मतदाता सूची में नहीं है। उनके वंशज को बीएलओ द्वारा लिंक करने की प्रक्रिया बीएलओ से समझी और मतदाताओं से भी बातचीत की। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बकाया पर आयुक्त को लिखा पत्र

**रीवा ।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति राशि का भुगतान नहीं होने पर कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी प्रतिभा पाल ने आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ला को पत्र लिखा है। पत्र में आवंटन के अभाव में भुगतान रुके होने की जानकारी दी गई है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आवंटन के अभाव में अनु. जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान लंबित है। अनु. जनजाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति की पूर्ण राशि प्राप्त न होने से संबंधित सी.एम. हेल्पलाईन में 56 शिकायतें लंबित हैं। इन लंबित शिकायतों के कारण विभाग/जिले की ग्रेडिंग ₹डीह₹ श्रेणी में आ रही है। कलेक्टर ने पत्र में कहा है कि छात्रों की पूर्ण छात्रवृत्ति राशि का भुगतान कराने के लिए पोर्टल में तत्काल आवंटन उपलब्ध कराया जाए, जिससे इन लंबित शिकायतों को बंद कराया जा सके और विद्यार्थियों को परेशानी न हो।

## गौरव दिवस 15 नवम्बर को गौरव पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**रीवा ।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव पर्व एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक मनाया जाकर 15 नवम्बर को गौरव दिवस मनाया जायेगा। जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने, सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें धरती आबा योजना अंतर्गत रीवा जिले में कुल 280 ग्राम चयनित किये गये हैं। जिसमें जनपद पंचायत रीवा अंतर्गत एक, रायपुर कर्चु. अंतर्गत 04, गंगवे अंतर्गत 01, त्योंथर अंतर्गत 03, सिरमौर अंतर्गत 153, जवा अंतर्गत 118 ग्राम शामिल है। चयनित ग्रामों के साथ-साथ सभी ग्राम पंचायतों में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि जनजातीय कार्य, शिक्षा विभाग द्वारा छात्रावासों / विद्यालयों में गायन, नृत्य, लेखन, भाषण, रंगोली, मेंहदी की प्रतियोगिता कराई गई। विभागों द्वारा जनजातीय संवर्ग हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। गौरव दिवस पर हितलाभ का वितरण किया जायेगा। इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में निर्धारित कैलेण्डर अनुसार हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ तथा आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई की जाकर समस्याओं का निराकरण किया गया एवं 15 नवम्बर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। स्वाथ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच शिविर / एनीमिया रोग की जांच तथा अन्य सामान्य उपचार कैंप लगाकर किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक रथयात्रा को कलेक्टर कार्यालय से जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा हरी झण्डी दिखाकर निर्धारित रोडमैप अनुसार रथयात्रा को रवाना किया गया।

## फसल अवशेष प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

**रीवा ।** सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम गोदहा में फसल अवशेष प्रबंधन कार्यशाला में किसानों को नरवाई में आग न लगाने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि पराली में बिना आग लगाये भी गेंहू की बुवाई की जा सकती है। कार्यशाला में पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर सुपर सीडर एवं मल्चर का प्रदर्शन भी किया गया। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी ने सुपर सीडर, मल्चर सहित अन्य किसी यंत्रों पर अनुदान के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में उप संचालक यूपी बागरी, सहायक यंत्री मुनीस पाण्डेय सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आत्मनिर्भर बनाने सरकार का नवाचार, बिजली के खर्च को बचाने का होगा प्रयास

# रेस्को प्रोजेक्ट : संभाग के 130 सरकारी भवन सौर ऊर्जा से होंगे रोशन

## आत्मनिर्भरताः 20 किलोवॉट से अधिक भार वाले भवनों में लगाए जाने की तैयारी

**रीवा।** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजनाओं के तहत रीवा संभाग में रेस्को मोड़ पर 130 से अधिक प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं। सरकारी भवनों में सोलर संयंत्र लगाकर बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। कुछ समय पहले से सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगाकर बिजली तैयार करने की योजना पर काम किया जा हा है। अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत इसे और व्यापक रूप देने को तैयारी है। सरकारी भवनों की छत के साथ परिसर में बड़े हिस्से में खाली स्थान पड़े हुए है जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। इस कारण इसका बिजली उत्पादन में उपयोग कर बिजली में होने वाले खर्च को भी बचाना है। नवीन नवकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से पहले ही कई प्रमुख सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। इससे संबंधित कार्यालय में उपयोग होने वाली बिजली के लिए बिजली उत्पादन कंपनी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड रहा है।

### इनको किया गया चिन्हित

शहर में कलेक्ट्रेट भवन के साथ ही मेडिकल कॉलेज, संजय गांधी अस्पताल, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज सहित कई अन्य प्रमुख भवनों में सोलर पैनल लगे हुए हैं। नए सिरे से उन सरकारी भवनों को चिन्हित किया गया है, जहां पर बिजली की खपत अधिक है, वहां पर 20 किलोवॉट क्षमता तक के प्लांट लगाए जाएंगे।

### रेस्को मॉडल पर निवेश अधिक नहीं

रेस्को मौहल में अधिक निवेश की जरूरत नहीं



होती। इसमें उपभोला को सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए कोई अग्रिम राशि नहीं देनी होती है। इस मॉडल के तहत एक नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कपनी ( रेस्को) उपभोक्ता की छत पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करती है। संयंत्र की स्थापना, मर मत, संचालन और रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी रेस्को कंपनी की होती है। उपभोक्ता केवल उस सौर डालों के लिए भुगतान करता है, जिसका वह उपभोग करता है। यह भुगतान एक पूर्व निर्धारित टैरिफ के आधार पर किया जाता है, जो सामान्यतः पारंपरिक बिजली दर से कम होता है। इस योजना के तहत 4.23 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल की गणना की जाती है।

### प्रस्ताव नहीं हो पा रहे स्वीकृत

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग में लंबे समय से अधिकारी का पद खाली है। कुछ समय पहले ही नई नियुक्ति पर आए सहायक यंत्री को प्रभार दिया गया है। कर्मचारियों के साथ तालमेल ठीक नहीं होने की वजह से वह योजनाओं की गति नहीं बड़ा पा रहे हैं। पूर्व में दूसरे जिलों के अधिकारियों के पास भी प्रभार रहा है। यही कारण है कि रीवा जिले में योजना की गति कमजोर रही है। जबकि यहां पर कई संभागीय स्तर के सरकारी भवन होने की वजह से अधिक संगा में रेस्को माडल पर प्रोजेक्ट लगाए जाने की संभावना रही है।

# वितरित किये गये गणना पत्रकों को संकलित कर सत्यापित मतदाताओं की जानकारी पोर्टल में अपलोड करें - कलेक्टर

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का जायजा लेने ग्राम पंचायत चोरगड़ी पहुंची कलेक्टर

**रीवा ।** भातर निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। कार्य के आकस्मिक निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्राम पंचायत चोरगड़ी में मतदाता सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गणना पत्रकों के वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि मतदाता द्वारा भरे गणना पत्रक प्राप्त करें तथा सत्यापित मतदाताओं की जानकारी पोर्टल में अपलोड करें कलेक्टर ने एसआईआर कार्य में संलग्न बीएलओ से गणना पत्रकों के वितरण तथा उनको वापस प्राप्त कर अपलोड करने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तय समय सीमा में किया जाना है अतः बीएलओ अपने सहयोग के लिये रोजगार सहायक अथवा अन्य कर्मचारी की मदद लें। कलेक्टर ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सत्यापन में कठिनाई नहीं है। गणना पत्रक भरने के बाद यदि मतदाता उपलब्ध



नहीं है तो उसके परिवार के किसी मतदाता से हस्ताक्षर करा लें। मतदाताओं के सत्यापन के लिये शिविर लगाकर कार्य पूरा करें। ऐसे मतदाता जो गांव शहर से बाहर हैं उनके बारे में परिजनों से जानकारी लेकर ऑनलाइन सत्यापन के लिये प्रेरित करें। गहन पुनरीक्षण में मृत व स्थायी रूप से पलायन करने वाले मतदाताओं का नाम पृथक करें। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान उपस्थित मतदाताओं से भी अपेक्षा की कि गणना पत्रक भरकर तत्काल बीएलओ को दें। यदि गणना पत्रक भरने में दिक्कत हो तो बीएलओ इसमें सहायता करें। उन्होंने एसआईआर कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाना है अतः इसमें सजगता से शीघ्र कार्य पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, तहसीलदार विनय मूर्ति मिश्रा, सीईओ रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह उपस्थित रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं के बकाया राशि हेतु लागू समाधान योजना

### बकाया बिलों में सौ प्रतिशत अधिभार की छूट

**रीवा ।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के बकाया विलंबित भुगतान अधिभार (संचयी) पर छूट की सुविधा प्रदान करने हेतु महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी समाधान योजना 2025-2026 लागू की गई है। अधीक्षण अभियंता बी.के. शुक्ला द्वारा बताया गया कि यह योजना रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त घरेलू गैर घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि पम्प उपभोक्ताओं को लाभांवित करने के उद्देश्य से दो चरणों में लागू की गई है, जिसमें 03 माह या उससे अधिक अवधि से बकाया राशि वालें समस्त संयोजित एवं अस्थाई / स्थाई विच्छेदित बकायादार उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सकते है। समाधान योजना के लिये पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है, रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है। इस योजना में कृषि उपभोक्ता सबसे अधिक लाभांवित होगे तथा कुल 3,19,474 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि इस महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी समाधान योजना का प्रथम चरण 03 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक के लिये प्रभावी होगा। जिसमें घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं हेतु एक मुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की छूट प्राप्त होगी। उपभोक्ताओं को 06 आसान किस्तों में भी भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें 70 प्रतिशत अधिभार की छूट मिलेगी। इसी प्रकार गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एक मुश्त भुगतान करने पर 80 प्रतिशत अधिभार की छूट प्राप्त होगी। उपभोक्ताओं को 06 आसान किस्तों में भी भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत अधिभार की छूट मिलेगी। द्वितीय चरण एक जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट उपभोक्ताओं के प्रदान की गई है। औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ता समाधान योजना अथवा उद्योग मित्र योजना में से किसी योजना का लाभले सकते है। रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि इस महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी समाधान योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अपने नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र या संबंधित संभागीय कार्यालय अथवा केन्द्रीय कॉल सेन्टर 1912 के टोलफ्री नम्बर पर संपर्क करें।

## नईगढ़ी में जन अभियान परिषद् की बैठक संपन्न





**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी जनपद में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की बैठक 13 नबम्वर को संपन्न हुई। जहां बैठक की अध्यक्षता संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने की, और समितियों को संबोधित करते हुए बताया कि विभाग की मंशानुरूप सभी समितियों को अपने अपने ग्राम में सक्रिय सहभागिता स्थापित करने की आवश्यकता है सभी शासकीय कार्यों में सहभागिता करनी है जिससे अन्त्योदय की योजना सार्थक हो सके। इसी कड़ी में जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार ने बताया कि सभी चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां जनहित के कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अजय चतुर्वेदी ने सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु पंजीयन कराने की अपील की।बैठक में लीड संस्था त्रिवेणी बहुद्देशीय जन कल्याण संस्था प्रतिनिधि के सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, सुन्दर ग्राम उत्थान समिति अकौरी के हीरालाल सोंधिया, स्व. महादेव शुक्ल स्मृति शिक्षा समिति बहेरा कोठार के ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, तथा उत्कर्ष सेवा समिति के मुनि प्रसाद चतुर्वेदी ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही बैठक में परामर्शदाता पवन कुमार शर्मा, राजरमन पटेल, सीमा मिश्रा, तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से राजेश्वरी प्रसाद चतुर्वेदी, देवेन्द्र कुमार सोनिया, रामसागर चतुर्वेदी, शेषमणि कुशवाहा रुद्रदेव सिंह अनिल सिंह संदीप कुमार मिश्रा मनोज कुशवाहा करुणाकर शर्मा रोहित सिंह भूमिका प्रसाद विश्वकर्मा प्रतिमा मिश्रा कृष्णकांत उपाध्याय राजबहोर कुशवाहा सूर्यकांत नामदेव सत्यम नामदेव रामराज सोंधिया अमित कुमार शर्मा रामजीत पांडेय उपस्थित रहे।

# न्यू विंध्य एकेडमी ने सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को बताया भ्रामक

### कहा विद्यालय की छवि धूमिल करने की साजिश

**रीवा । शहर के चिरहुला कॉलोनी स्थित न्यू विंध्य एकेडमी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुई छात्रा से मारपीट संबंधित कथित घटना को पूरी तरह असत्य, भ्रामक और निराधार बताया है। विद्यालय प्राचार्य राजपाल सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा कि संस्था के खिलाफ चलाए जा रहे प्रचार का उद्देश्य केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाना है।**

प्राचार्य सिंह ने बताया कि घटना से संबंधित सभी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि विद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि छात्रा उसी दिन सामान्य और स्वस्थ अवस्था में विद्यालय से घर गई थी, तथा उस समय अभिभावकों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि संस्था हमेशा से शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के प्रति समर्पित रही है तथा जांच एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रही है। घटना के दिन के पूरा रॉ फुटेज और अन्य साक्ष्य सुरक्षित हैं, जिन्हें पुलिस को सौंपा जा चुका है। जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ये फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं। न्यू विंध्य एकेडमी रीवा जिले में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।
विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 14 नवंबर 2025 को विद्यालय के कई विद्यार्थी दतिया में होने वाले खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। विद्यालय ने बताया कि उनके कई पूर्व छात्र आज इंजीनियर, प्रशासक और शिक्षक बनकर समाज में योगदान दे रहे हैं।

### क्या था पूरा मामला

विगत दिवस न्यू विंध्य एकेडमी पब्लिक स्कूल में मासूम छात्रा से शिक्षिका द्वारा बेरहम मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें परिजनों का आरोप था कि स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका ने चौथी क्लास में अध्यनरत एक मासूम को सिर्फ इस वजह से सजा दे डाली क्योंकि उसके कुछ चैप्टर कंप्लीट नहीं थे। जिसके बाद छात्र के परिजनों ने बछिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

# कस्टम हायरिंग सेंटर संचालित करने वाले किसान के केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने ग्राम वेलहा में कस्टम हायरिंग सेंटर संचालित करने वाले किसान विजय पटेल से केन्द्र तथा इससे अर्जित होने वाले लाभ के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने विजय पटेल के निजी कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर में आत्याधुनिक मशीनों को भी शामिल किया जाय। नरवाई के प्रबंधन के लिये सुपर सीडर द्वारा पराली में बिना आग लगाये गेंहू की बुबाई करने, धान की पराली का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में करने तथा वायेडी कम्पोजर के उपयोग की बात कलेक्टर ने कही। उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर को और प्रभावी बनायें। जिले में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि से धान का रकवा बढ़ा है आने वाले दिनों में इसमें और वृद्धि होगी और उपकरणों की मांग भी बढ़ेगी इसलिए अधिक से अधिक कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किये जाने के लिये किसानों को



प्रेरित करें। कस्टम हायरिंग सेंटर में ट्रैक्टर, रिवर्सिबल प्लाउ, कल्टीवेटर, रोटावेटर, जीरो दिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रारीपर एवं पैडी थ्रेशर, सहित अन्य मशीनों का उपयोग कर स्वयं एवं अन्य किसानों के यहां किराये से काम कर आय अर्पित की जा सकती है। इन मशीनों में शासन द्वारा छूट का भी प्रावधान है अतः अधिक से अधिक किसान इनका उपयोग करें। उन्होंने कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि कस्टम हायरिंग सेंटर में उपलब्ध करायें जाने वाले उपकरणों के अतिरिक्त अन्य जो उपयोग उपकरण प्रचलित हो उनके बारे में भी किसानों को जानकारी दें। कलेक्टर ने कहा कि खेती उन्नतशील हुई है और खेती में उपकरणों का उपयोग कर किसान आय भी अर्जित कर रहे हैं। विजय पटेल ने कस्टम हायरिंग सेंटर के बारे में कलेक्टर को बताया कि वर्ष 2024 में मैंने इसे 21 लाख 71 हजार रूपये की लागत से स्थापित किया जिसमें कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 6 लाख 93 हजार रूपये की अनुदान राशि दी गई। केन्द्र में 7 मशीनों का संचालन मैं स्वयं एवं आसपास के किसानों के खेतों में किराये के तौर पर कर रहा हूँ जिससे मुझे 2 से 3 लाख रूपये प्रति वर्ष मुनाफा हो रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार विनयमूर्ति मिश्रा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, कृषि अभियांत्रिकी के सहायक कृषि यंत्री मुनीस पाण्डेय तथा कृषक उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने साइकिल से शहर किया भ्रमण, कई वार्डों में दी सख्त हिदायतें



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों का साइकिल से भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 29, 31, 32, 36, 37 एवं 38 में पहुंचकर सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वार्ड 31 में आयुक्त ने नालियों की सफाई की स्थिति देखी और संबंधित दरोगा को नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही जहां जल बहाव में लीकेज पाया गया, वहां तत्काल मरम्मत कराने के आदेश दिए गए। आयुक्त ने व्यर्थ जल बहाव करने वाले व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जोन कार्यालय क्रमांक 01 के पास स्थित माखन गली में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वार्ड 36 और 37 में निरीक्षण के दौरान सड़कों और गलियों में फैले कचरे को देखकर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेकेंडरी कचरा प्वाइंट्स की संख्या कम की जाए और कचरा उठाव का समय निर्धारित कर उसका पालन सुनिश्चित किया जाए। वार्ड 38 के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था लचर पाई गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित वार्ड दरोगा को फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मचारियों को हटाने के आदेश भी दिए। डॉ. सोनवणे ने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर वार्ड में नियमित नालियों और सड़कों की सफाई सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा और आईईसी टीम भी उपस्थित रहे।

# मऊगंज में 8 वर्षीय की नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के थाना मऊगंज के अन्तर्गत एक 8 वर्षीय नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ओम प्रकाश तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार को हुई थी, जिसका खुलासा बुधवार को पीड़िता के मां-बाप को हुआ।




### बीज लेने गई थी पीड़िता

पीड़िता की मां ने मऊगंज पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे उन्होंने अपनी बेटी को गांव के ही ओम प्रकाश तिवारी के घर गेहूं का बीज लेने भेजा था। बेटी दो घंटे बाद घर लौट आई थी, लेकिन डर के कारण उसने घटना के दिन कुछ नहीं बताया।

### बुधवार को नाबालिग के रोने पर हुआ खुलासा

अगले दिन, बुधवार को जब मां ने स्वयं ओम प्रकाश के घर खाद लेने जाने की बात कही, तो बेटी रोने लगी। पूछने पर बेटी ने बताया कि मंगलवार को जब वह बीज लेने गई थी, तो ओम प्रकाश उसे अकेले कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मां-पिता ने तत्काल मऊगंज थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देश पर पीड़िता के बयान के आधार पर तत्काल दो टीमें गठित की गईं और आरोपी ओम प्रकाश तिवारी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नाबालिग बालिका के साथ गलत काम की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई और आगे की जांच जारी है।